दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**
आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, शनिवार 24 फरवरी 2024 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-06, अंक- 148

# हिमाचल से हरिद्वार के लिए अब सीधी ट्रेन सुविधा



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और युवा एवं खेल मामलों के मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने आज जानकारी देते हुए बताया की ऊना हिमाचल से चल कर सहारनपुर जाने वाली ट्रेन अब हरिद्वार तक चलाई जाएगी। अनुराग ठाकुर ने उपरोक्त निर्णय हेतु प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी एवं केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव जी का धन्यवाद ज्ञापन किया और कहा कि इससे क्षेत्रवासियों को काफी लाभ मिलेगा और तीर्थाटन में बढ़ोतरी होगी।

अनुराग ठाकुर ने कहा केंद्र में हमीरपुर संसदीय क्षेत्र और हिमाचल का प्रतिनिधि होने के नाते में सदैव यहां के विकास हेतु कार्यरत हूं व हिमाचल प्रदेश में बेहतर कनेटिविटी सुविधा उपलब्ध कराना मेरी प्राथमिकता में है। हरिद्वार एक प्रमुख धार्मिक स्थल है और हिमाचल से बड़ी संख्या में लोग तीर्थाटन करने हरिद्वार जाते हैं। हिमाचल के यात्रीगण ट्रेन से सीधा ही हरिद्वार तक जा सकें ऐसी सुविधा के लिए मैंने व्यक्तिगत रूप से रेलमंत्री अश्वनी वैष्णव से मिलकर अनुरोध किया था। मुझे यह बताते हुए हर्ष हो रहा है कि ऊना हिमाचल- सहारनपुर रूश्वरू जो ऊना से चल कर सहारनपुर तक जाती थी उसके एक्सटेंशन की मंज़ूरी रेलमंत्री जी ने दे दी है। यह ट्रेन अब ऊना से हरिद्वार तक चलाई जाएगी जिससे यात्रियों को आवागमन की बड़ी सुविधा मिलेगी। मैं इसके लिए आदरणीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव जी का आभार प्रकट करता हूँ। अनुराग ठाकुर ने कहा विकास ही हमारी प्राथमिकता है और मोदी सरकार ने ऊना को सौग़ातें देने में कोई कसर नहीं छोड़ी। आदरणीय प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी जी ने देश की चौथी वन्दे भारत ट्रेन की सौग़ात हिमाचल को दी जिसके शुभारंभ के लिए ख़ुद मोदी जी ऊना आये थे। हिमाचल में अब हिंदुस्तान की सबसे आधुनिक ट्रेन भाजपा के कारण ही चल पड़ी है। हिमाचल प्रदेश में रेलसेवाओं का विस्तार हो, हिमाचल को कनेक्टिविटी से जुड़ी कोई समस्या ना हो इसके लिए मोदी सरकार नई ट्रेनें चलाने से लेकर ज़रूरी इंफ़्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट इत्यादि पर पूरी गंभीरता से काम कर रही है। वित्तवर्ष 2023 – 24 के लिए हिमाचल प्रदेश में रेलवे विस्तार के लिए 1838 करोड़ रुपए मंज़ूर किए हैं। सामरिक महत्व की भानुपल्ली-बिलासपुर-बेरी रेल लाइन के लिए 1000 करोड़ ,चंडीगढ़-बद्दी रेललाइन को 450 करोड़ रुपये , नंगल- तलवाड़ा रेल लाइन के लिए 452 करोड़ रुपए वर्ष 2023-24 के बजट में मंज़ूर किए गये हैं। रेल विस्तार के लिए 1838 करोड़ रुपए की यह मंज़ूरी यूपीए शासन काल के वर्ष 2009 – 2014 से 17 गुना ज़्यादा है । वर्तमान में प्रदेश में ?19556 करोड़ से 258 किलोमीटर की 4 परियोजनाओं पर काम जारी है

अनुराग ठाकुर ने कहा मेरे संसदीय क्षेत्र के ऊना ज़िले के गगरेट विधानसभा में वर्षों से माँग थी कि यहाँ के लोहारली खड्ड पर 500 मीटर लंबे डबल लेन की मंज़ूरी, दौलतपुर चौक रेलवे स्टेशन का लोकार्पण, अम्ब रेलवे स्टेशन तक रेल लाइन का विधुतीकरण व फ़ुटओवर ब्रिज का विस्तार, उना रेलवे स्टेशन पर दूसरे प्लेटफ़ॉर्म एवं फ़ुटओवर ब्रिज की मंज़ूरी,पुराने का का विस्तार, नई रेलगडिय़ां की मंज़ूरी व चुरारू तकराला अंबाला कैंट-दौलतपुर चौक पैसेंजर स्पेशल ट्रेन व रायमेहतपुर सहारनपुर-ऊना हिमाचल पैसेंजर एक्सप्रेस का ट्रेन समेत प्रमुख गाडिय़ों का स्टापेज पूरे हिमाचल के लिए मोदी सरकार की ओर से बड़ा तोहफ़ा है

पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी जी ने तात्कालीन मुख्यमंत्री प्रो प्रेम कुमार धूमल जी के कहने पर हिमाचल को औद्योगिक पैकेज की घोषणा की जिसका विशेष लाभ ज़िला ऊना में उद्योगों के निर्माण से हुआ। ज़िला ऊना ब्रॉडगेज रेललाइन से जुड़ा हुआ हिमाचल का एकमात्र ज़िला है।वर्ष 1990 में पहली बार ट्रैन ऊना पहुँची थी। आगे बोलते हुए अनुराग ठाकुर ने कहा वर्ष 2014 से मार्च-2019 तक अम्ब-अन्दौरा, चिंतपूर्णी मार्ग व दौलतपुर चौक रेलवे स्टेशन तक का कार्य मोदी सरकार के समय मे पूर्ण हुआ। आज ऊना व अम्ब अन्दौरा रेलवे स्टेशन से कुल 13 ट्रैन इस ज़िला को देश के अलग भागों से जोड़ती हैं। साबरमती रेलवे स्टेशन को भी ऊना से रोजाना ट्रैन चलती है। ऊना हमीरपुर रेल लाइन की घोषणा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने वर्ष-2019 धर्मशाला में आयोजित इन्वेस्टर मीट में पुन: दोहराई थी। जबकि पूर्व में वर्ष 2014 से 2019 तक लोकसभा में पेश रेल बजट में तीन बार इस रेल लाइन को आर्थिक-समाजिक दृष्टि से महत्वपूर्ण माना गया व निर्माण में आगामी कारवाई के लिए बात दोहराई गयी थी लेकिन इस घोषणा को बल तब मिला जब प्रधानमंत्री मोदी जी ने हिमाचल प्रदेश को दूसरा घर मानते हुए इस रेललाइन के महत्व को जानते हुए स्वंय घोषणा कर प्रदेश की आर्थिकी में बल देने हेतु निर्माण की पूर्व औपचारिकताओं को पूर्ण करने हेतु रेल मंत्रालय को निर्देशित किया है। यह रेल लाइन माँ ज्वालामुखी, मां चिंतपूर्णी, मां ब्रजेश्वरी, मां चामुंडा इत्यादि को जोडक़र प्रदेश के धार्मिक-पर्यटन में बढ़ोतरी कर प्रदेश के राजस्व में बढ़ोतरी करेगा। वहीँ जिला हमीरपुर व ज़िला मंडी के सरकाघाट, धर्मपुर तहसील व जिला कांगड़ा के पालमपुर, बैजनाथ, जयसिंहपुर तहसील क्षेत्र इत्यादि से भारतीय सेना और अर्धसैनिक बल में कार्यरत युवाओं को यात्रा के लिए निकटतम रेलवे स्टेशन से लाभ प्राप्त करेगा। ऊना हमीरपुर रेल लाइन के निर्माण में 1500 करोड़ हिमाचल प्रदेश सरकार व 4300 करोड़ केंद्र सरकार वहन करेगी।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### तेज रफ्तार कार डिवाइडर से टकराई, दंपत्ति समेत 3 की मौत

**सुल्तानपुर (आरएनएस)।** पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर कूरेभार थानाक्षेत्र के सेउर में शुक्रवार हो हडक़ंप मच गया। यहां एक कार डिवाइडर से टकरा गई, कार के जहां परखच्चे उड़ गए वही इस पर सवार दो महिलाओं समेत तीन की मौत हो गई। एक घायल का राजकीय मेडिकल कॉलेज में इलाज चल रहा है। यूपीडा टीम व पुलिस टीम मौके पर राहत व बचाव कार्य में जुटी है। जानकारी के अनुसार शादी समारोह में एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए बल्लभगढ़ हरियाणा से एक परिवार के लोग बिहार के आरा के लिए पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे से होकर जा रहे थे। कार जिले के कूरेभार थाना अंतर्गत सेउर के पास पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर किमी 123 पर डिवाइडर टकरा गई। जिससे कार पर सवार दंपत्ति समेत तीन की मौके पर मौत हो गई। जबकि एक गंभीर रूप से घायल हुआ है। सूचना मिलते ही यूपीडा की टीम व स्थानीय पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस ने सभी मृतकों की पहचान कराते हुए सूचना परिवार वालों को दी है। जबकि घायल को एंबुलेंस से राजकीय मेडिकल कॉलेज सुल्तानपुर भेजवाया है। हादसा तेज रफ्तार के चलते हुआ है। एसओ कूरेभार अमित कुमार मिश्रा ने बताया कि कार पर सवार राम चंद्र गुप्ता (55वर्ष) पुत्र शिवदास गुप्ता उनकी पत्नी माया देवी (52वर्ष) और चिंता देवी (51वर्ष) पत्नी श्याम बिहारी की मौत हुई है। सभी बिहार के आरा थाना अंतर्गत बिहिया के निवासी हैं। वही विकास (30वर्ष) पुत्र रामचंद्र घायल हुआ है।

### सपा नेता के ठिकानों पर ईडी की छापेमारी, 1000 करोड़ के बैंक लोन घोटाले में एक्शन

**लखनऊ (आरएनएस)।** एक हजार करोड़ रुपये के बैंक लोन घोटाले मामले में समाजवादी पार्टी के नेता और बाहुबली विनय शंकर तिवारी के घर पर ईडी की छापेमारी चल रही है। हरियाणा-यूपी सहित तीन राज्यों के दर्जनों ठिकानों पर सर्च ऑपरेशन चल रहा है। विनय शंकर तिवारी उत्तर प्रदेश में पूर्व बाहुबली नेता रहें हरिशंकर शंकर तिवारी के बेटे हैं। गोरखपुर में स्थित 'तिवारी जी' का हाता छावनी में तब्दील हो गया है। जानकारी के अनुसार गंगोत्री इंटरप्राइजेज के नाम पर बैंक से करोड़ों रुपये के लोन के डिफाल्ट का मामला सामने आ रहा है। करीब 3 घंटे से छापेमारी चल रही है। बता दें कि इससे पहले भी कई बार रेड पड़ चुकी है। विनय शंकर तिवारी बसपा से चिल्लूपार के विधायक रह चुके हैं। वहीं हरिशंकर तिवारी के बड़े बेटे भीष्म शंकर तिवारी उर्फ कुशल तिवारी संत कबीर नगर से सांसद रहे हैं।

### संदेशखाली केस: टीएमसी नेता शाहजहां शेख की बढ़ीं मुश्किलें, एक और एफआईआर दर्ज-

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** संदेशखाली में महिलाओं से अत्याचार के आरोपी तृणमूल कांग्रेस नेता शाहजहां शेख की मुश्किलें और बढ़ गई हैं। ईडी ने शाहजहां शेख और अन्य के खिलाफ नया केस दर्ज किया है। जानकारी के मुताबिक जमीन कब्जाने से जुड़े मामले में मनी लांड्रिंग का केस दर्ज किया गया। ईडी ने आज सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) घोटाला मामले में फरार टीएमसी नेता शाहजहां शेख के खिलाफ उसके 6 ठिकानों पर छापेमारी की। ईडी द्वारा 29 फरवरी को जांच में शामिल होने के लिए शाहजहां को नया समन जारी करने के एक दिन बाद छापेमारी की गई।

# दिल्ली : मर्सिडीज हिट-एंड-रन में बुजुर्ग की मौत, पांच साल की बच्ची घायल



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली के द्वारका इलाके में तेज रफ्तार और लापरवाही से चलाई जा रही मर्सिडीज बेंज ने स्कूटी सवार को टक्कर मार दी। घटना में 69 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि 5 वर्षीय बच्ची घायल हो गई। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

मृतक की पहचान अरुण कुमार के रूप में हुई, जबकि घायल बच्ची श्रीदा गोस्वामी का इलाज चल रहा है। दोनों द्वारका मोड़ इलाके के रहने वाले हैं।

पुलिस ने बताया कि बुधवार को द्वारका के सेक्टर-17 स्थित सीएनजी पंप के पास दुर्घटना के संबंध में पुलिस नियंत्रण कक्ष (पीसीआर) कॉल मिलने के बाद, पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा,दोनों घायलों को एक निजी व्यक्ति द्वारा आईजी अस्पताल, सेक्टर-9, द्वारका में भर्ती कराया गया। लेकिन बाद में दोनों को वेंकटेश्वर अस्पताल में शिफ्ट कर दिया गया। इलाज के दौरान, घायल अरुण कुमार की मौत हो गई।

अधिकारी ने कहा, द्वारका नॉर्थ पुलिस स्टेशन में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 279 (रैश ड्राइविंग), 337 (चोट पहुंचाना) और 304 ए (गैर इरादतन हत्या) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

अधिकारी ने कहा, वाहन और चालक को पकडऩे के प्रयास किए जा रहे हैं।

# गुजरात पुलिस को मिली बड़ी सफलता, 350 करोड़ रुपए की ड्रग्स जब्त, नौ गिरफ्तार



**अहमदाबाद (आरएनएस)।** गुजरात के गृह राज्य मंत्री हर्ष सांघवी ने शुक्रवार को कहा कि पुलिस ने 350 करोड़ रुपए मूल्य का 50 किलोग्राम हेरोइन जब्त कर लिया। यह जब्ती वेरावल बंदरगाह पर नलिया गोली तट से की गई। इस मामले में 9 आरोपियों को भी गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने कहा कि स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप और नारकोटिक्स ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंसेज (एनडीपीएस) ने संयुक्त रूप से छापेमारी को अंजाम दिया। मंत्री ने अपने एक्स पोस्ट में कहा, पुलिस ने वेरावल बंदरगाह के नलिया गोली तट पर छापा मारा और 350 करोड़ रुपये मूल्य की हेरोइन के 50 किलोग्राम सीलबंद पैकेट जब्त किए। इसके अलावा 9 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया, जिसमें तीन मुख्य आरोपी भी शामिल हैं।

अधिकारियों के मुताबिक, जब्त की गई सामग्रियों में नाव, एक सैटेलाइट फ़ोन और एक वाहन शामिल है। इससे देश में नशीले पदार्थों की तस्करी के लिए तस्करों द्वारा अपनाए जाने वाले अत्याधुनिक तरीकों का संकेत मिलता है। उन्होंने कहा कि मछली पकडऩे वाले मालिक से गुप्त सूचना मिली थी कि हेरोइन को ईरान से लाया जा रहा है, जिसके बाद अधिकारियों ने एक्शन लिया। पुलिस ने मुर्तुज़ा बलूच को मुख्य आरोपी के रूप में चिन्हित किया है। इसी ने खेप भेजी थी, जबकि इशाक उर्फ मामा राजकोट में डिलीवरी के लिए जिम्मेदार था। इस मामले में पकड़े गए लोगों में जामनगर के आसिफ उर्फ कारा जुसाब समा, जामनगर के एक अन्य निवासी अरबाज अनवरभाई मेमन और धर्मेंद्र कश्यप भी शामिल था।

# गरीब और कम पढ़ी-लिखी 12 महिलाओं के बैंक अकाउंट्स से करोड़ों का ट्रांजेक्शन, ईडी ने भेजा नोटिस




**रांची (आरएनएस)।** ईडी ने झारखंड के हजारीबाग जिला अंतर्गत टाटीझरिया ब्लॉक की रहने वाली 12 महिलाओं को नोटिस भेजा है। इन महिलाओं के बैंक अकाउंट से करीब 3.90 करोड़ रुपये का ट्रांजैक्शन हुआ है। झरपो नामक गांव की रहने वाली सभी महिलाएं कम पढ़ी-लिखी और गरीब हैं। दरअसल, उनके नाम जब कई पन्नों वाला नोटिस पहुंचा तो वे कुछ समझ नहीं पाईं। बाद में कुछ पढ़े-लिखे लोगों ने इसके बारे में उन्हें बताया तो उनके पैरों के नीचे की जमीन खिसक गई। ईडी के नोटिस से वे हैरान-परेशान हैं।

ईडी ने बीते साल 27-28 दिसंबर को कोलकाता के एक साइबर ठग रोबिन यादव के ठिकानों पर छापेमारी की थी। उसके ठिकानों से बरामद दस्तावेजों से पता चला कि उसने अपनी अवैध आय को छिपाने के लिए बड़ी राशि 12 महिलाओं के अकाउंट्स में ट्रांसफर की है। अकाउंट्स से अप्रत्याशित ट्रांजैक्शन की जांच के लिए बैंक अधिकारी पिछले दिन महिलाओं से पूछताछ करने गांव पहुंचे थे। अब उन्हें ईडी का नोटिस मिला है।

एजेंसी ने महिलाओं को अपना पक्ष रखने को कहा है। ईडी पटना ने इन महिलाओं के बैंक खातों को फ्रीज कर दिया है और मामले की जांच शुरू हो गई है। इनके बैंक खातों में कोलकाता से 3.90 करोड़ रुपये डाले गये थे, जिसमें से 3.25 करोड़ रुपये निकाले जा चुके हैं। बचे हुए 65 लाख रुपये में से 6 लाख रुपये बाद में निकाल लिए गए हैं।

महिलाओं का कहना है कि भराजो गांव की रहने वाली गुडिय़ा देवी नामक एक महिला ने करीब एक साल पहले गांव में उनके साथ बैठक की और कुटीर-लघु उद्योग खुलवाने में आर्थिक मदद दिलाने के नाम पर बैंकों में उनके अकाउंट्स खुलवाये। उनके एटीएम कार्ड, पासबुक और चेक बुक महिला ने अपने पास ही रख लिया।

बाद में उन्हें एक-एक हजार रुपए दिए गए। बैंक अकाउंट्स में कितने पैसे हैं, किसने रकम डाली और किसने निकाली, इस बारे में उन्हें कुछ भी पता नहीं है। अब ईडी का नोटिस मिलने के बाद परेशान महिलाओं ने उनके साथ हुई धोखाधड़ी को लेकर स्थानीय थाने को आवेदन दिया है।

# चलती बस में लगी आग, ड्राइवर की सूझबूझ से बची 44 यात्रियों की जान

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** केरल के अलाप्पुझा जिले में शुक्रवार की सुबह केरल राज्य सडक़ परिवहन निगम की एक बस में आग लग गई। कोई बड़ी घटना होती उससे पहले ही बस चालक ने सतर्कता दिखाते हुए सभी यात्री को नीचे उतार दिया। बस में 44 यात्री सवार थे, जिनमें से 20 छात्र थे जो सही सलामत हैं।

पुलिस ने बताया कि जब यह हादसा हुआ, तब बस कायमकुलम और अलाप्पुझा के बीच में थी। उन्होंने बताया कि चालक को जलने की गंध आई और उसने तुरंत यात्रियों को बस से उतरने के लिए कहा। ड्राइवर के इस कदम से सभी यात्री बाल-बाल बच गए। कायमकुलम पुलिस थाने के एक अधिकारी ने कहा, अग्निशमन बल ने आग बुझा दी। आग लगने का कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है।

बाद में वाहन चालक ने मीडिया को बताया कि उसे इंजन की आवाज में बदलाव लगा, इसलिए उसने वाहन को सडक़ के किनारे खड़ा कर दिया। चालक के अनुसार, इसके बाद उसने बगल वाले शीशे में बस के पीछे से घना धुंआ निकलते देखा और यात्रियों से तुरंत बस से उतरने के लिए कहा। चालक ने बताया कि उस समय वाहन में 44 यात्री थे, जिनमें से 20 छात्र थे, जिन्हें अगले स्टॉप पर उतरना था।

चालक ने यह भी कहा कि आग लगने का कारण डीजल टैंक से रिसाव नहीं हो सकता, क्योंकि यह बस के पीछे स्थित था। उसने कहा, अगर यह डीजल टैंक से रिसाव होता, तो ईंधन लीक हो जाता, लेकिन आग नहीं लगती। आग इंजन में लगी। वहां कुछ हुआ। फुटेज में जलती हुई बस से निकलता घना धुंआ नजर आ रहा है। व्यस्त राष्ट्रीय राजमार्ग- 66 पर खड़ी यह बस आग लगने से जलकर खाक हो गई।

# राज्यों को विशेष योजनाएं लागू करने का निर्देश नहीं दे सकतीं अदालतें : सुप्रीम कोर्ट



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि सरकार के नीतिगत मामलों की जांच में न्यायिक समीक्षा का दायरा बहुत सीमित है और अदालतें राज्यों को इस आधार पर किसी विशेष नीति या योजना को लागू करने का निर्देश नहीं दे सकती हैं कि 'बेहतर, निष्पक्ष या समझदार' विकल्प उपलब्ध है। भूख और कुपोषण से निपटने के लिए सामुदायिक रसोई स्थापित करने की योजना बनाने की अपील करने वाली एक जनहित याचिका का निस्तारण करते हुए न्यायालय ने यह टिप्पणी की।

शीर्ष अदालत ने यह कहते हुए मामले में कोई भी निर्देश पारित करने से इनकार कर दिया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए) और अन्य कल्याणकारी योजनाएं केंद्र और राज्यों द्वारा लागू की जा रही हैं। न्यायमूर्ति बेला एम. त्रिवेदी और न्यायमूर्ति पंकज मिथल की पीठ ने कहा कि नीति की विवेकशीलता या सुदृढ़ता के बजाय नीति की वैधता न्यायिक समीक्षा का विषय होगी। पीठ ने कहा, यह सर्वविदित है कि नीतिगत मामलों की जांच में न्यायिक समीक्षा का दायरा बहुत सीमित है। अदालतें किसी नीति की शुद्धता, उपयुक्तता या औचित्य की जांच नहीं करती हैं और न ही कर सकती हैं, न ही अदालतें उन नीतिगत मामलों में कार्यपालिका की सलाहकार हैं जिन्हें बनाने का कार्यपालिका को अधिकार है। अदालतें राज्यों को किसी विशेष नीति या योजना को इस आधार पर लागू करने का निर्देश नहीं दे सकतीं कि एक बेहतर, पारदर्शी या तार्किक विकल्प उपलब्ध है।

फिर करवट लेगा मौसम

# बारिश के बीच होगी बर्फबारी; 27 फरवरी तक कई राज्यों में अलर्ट



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** देश के कई हिस्सों में मौसम लगातार बदल रहा है। सर्दियां खत्म होने को हैं और गर्मी की आहट शुरू हो चुकी है। फरवरी के अंतिम सप्ताह में कई जगहों पर बारिश के साथ- साथ ओलावृष्टि का भी अनुमान लगाया गया है।

भारत मौसम विज्ञान विभाग का कहना है कि बारिश व बर्फबारी का सिलसिला और कुछ दिनों तक जारी रहेगा। विभाग के मुताबिक, एक नया पश्चिमी विक्षोभ हिमालयी इलाकों से 24 फरवरी को टकराने वाला है। इसके चलते आगामी शनिवार से लेकर मंगलवार तक बरसात होने के आसार हैं। खास तौर से पश्चिमी इलाकों में इस दौरान हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है।

मौसम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार, हिमाचल प्रदेश में 24-28 फरवरी के बीच बारिश होने की संभावना है। साथ ही ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी भी होगी। इसके अलावा, 26 फरवरी से 27 फरवरी के बीच अलग-अलग जगहों पर हल्की से मध्यम बरसात हो सकती है। अरुणाचल प्रदेश का हाल भी कुछ ऐसा ही है। यहां आज कुछ क्षेत्रों में तेज बारिश होने का अनुमान है। साथ ही लोगों को बर्फबारी का भी सामना करना पड़ा सकता है। आईएमडी की मानें तो 23 फरवरी को अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। साथ ही गरज के साथ बर्फबारी और बिजली गिरने की संभावना है।

मौसम विभाग के मुताबिक, 24 से 27 फरवरी के बीच ओडिशा, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़, झारखंड और मध्य प्रदेश में गरज व बिजली के साथ छिटपुट से मध्यम बारिश होगी। इस दौरान पूर्वोत्तर भारत व गुजरात के कई हिस्सों में न्यूनतम तापमान सामान्य से 2-4 डिग्री सेल्सियस ऊपर रहेगा। विभाग का कहना है कि अगले सप्ताह तक देश के किसी भी हिस्से में शीतलहर की स्थिति नहीं होगी। इसके अलावा, अगले सप्ताह देश के किसी भी हिस्से में घने कोहरे और ठंडे दिन के हालात नहीं बन रहे हैं। ऐसे में लोगों को ठंड से राहत मिलेगी और हल्की गर्मी भी महसूस हो सकती है। खासतौर से सुबह के वक्त मौसम सुहाना बना रहेगा।